## खबर संक्षेप

### चित्रकूट में शिकारी गिरफ्तार, झोपड़े से मिले जंगली सुअर के दांत और जबड़े

**सतना।** चित्रकूट वन रेंज में वन विभाग को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। रजोला बीट के आरक्षित वन क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण की शिकायत पर पहुंची वन विभाग की टीम ने एक वन्य जीव शिकारी को पकड़ने में सफलता हासिल की है। सोमवार को वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से बनाई गई झोपड़ी को गिराया और अवैध खेती को नष्ट किया। टीम को झोपड़े की तलाशी में जंगली सुअर के 250 ग्राम बाल,कैनाइन दांत और 2 जबड़े बरामद हुए। इसके अलावा शिकार में इस्तेमाल किए जाने वाले बका और कुल्हाड़ी भी मिले। रेंजर विवेक सिंह ने रजोला के रहने वाले 42 वर्षीय लवलेश पिता द्रुजुआ को हिरासत में लिया है। आरोपी के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। न्यायालय में पेश करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### चित्रकूट में व्यापारी के साथ लूटपाट



**सतना।** चित्रकूट में दिनदहाड़े प्रसाद व्यापारी से रुपये छीनने की वारदात सामने आई है। कामदगिरि प्रथम मुखारबिंदु स्थित प्रसाद की दुकान पर दो बाइक सवार बदमाशों ने व्यापारी से 4200 रुपए छीन लिए। रगौली निवासी दिलीप कुमार तिवारी की दुकान पर 8 मार्च को शाम 6 बजे यह घटना हुई। जिसका सीसीटीवी आज सामने आया है। नकाबपोश बदमाशों में से एक ने व्यापारी दिलीप की शर्ट की जेब से दिनभर की कमाई निकाल ली। घटना के समय दुकान पर ग्राहक मौजूद थे। इस कारण दिलीप बदमाशों का पीछा नहीं कर सके। सीसीटीवी में पूरी घटना कैद हो गई है। फुटेज में साफ दिख रहा है कि बदमाश कैसे व्यापारी से रुपये छीनकर फरार हो गए। टीआई डी आर शर्मा ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। वीडियो की मदद से बदमाशों की पहचान की जा रही है।

### कलेक्टर ने अग्निशमन दस्ते को किया पुरस्कृत



**सतना।** बदखर के केमिकल और टायर गोदाम में लगी भीषण आग को बुझाने में किए गए साहसिक कार्य के लिए सोमवार को टीएल बैठक के दौरान कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने नगर निगम के अग्निशमन दस्ते को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में फायरमैन केएल सिंह,अनूप सिंह,अंकुर सिंह और सुमित दुबे शामिल हैं। इस मौके पर अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन,नगर निगम आयुक्त शेर सिंह मीना सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति की बैठक आज

**सतना।** जिला स्तरीय परामर्श दात्री एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की त्रैमासिक बैठक 11 मार्च को सायं 5 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर सतना डॉ.सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। अग्रणी जिला प्रबंधक गौतम शर्मा ने जिले के समस्त जिला समन्वयक,बैंकों एवं विभाग प्रमुखों से बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### आखिर कोल समाज शिक्षा से वंचित क्यों? चिंता का विषय

**मैहर।** समाजसेवी रमापति गौतम ने आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र माडा मैहर जिले के 137 गांव में से मैहर तहसील के 53 गांवों में सर्वाधिक कुपोषित बच्चे पाए जाने एवं कोल समाज शिक्षा से वंचित रहने के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राजनीतिक शिथिलता के साथ-साथ प्रशासनिक निष्क्रियता के करण आदिवासी क्षेत्रों का आज भी समुचित विकास नहीं हुआ जिसमें महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित आंगनबाड़ी स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित आशा कार्यकर्ता कार्यक्रम की विभागीय उदासीनता जिम्मेदार है। मैहर के नादन मंडल में एक भी आदिवासी छात्रावास एवं आदिवासी आश्रम नहीं है। सांसद,विधायक एवं जिला परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास विभाग एवं अनुसूचित जनजाति विभाग को दी गई है। मैहर में कोल और गोड़ जाति संख्या आदिवासी क्षेत्रों में अधिक है सबसे ज्यादा चिंता का विषय कोल जाति का है जो आज भी शिक्षा से बहुत दूर हैं,जब कि जिला पंचायत अध्यक्ष कोल समाज से हैं प्रभारी मंत्री गोड़ समाज से हैं।

## पंजीयन केन्द्र बढाकर उपार्जन के लिए किसानों को करें प्रोत्साहित: कलेक्टर

# 6 हजार किसानों का किया पंजीयन

**सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने रबी उपार्जन के लिए जिले के सभी पंजीयन केन्द्रों को एक्टिव कर किसानों को पंजीयन कराने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं।**



**सतना।**

समय-सीमा की बैठक में अन्तरविभागीय समन्वय के मुद्दे, सीएम हेल्पलाइन सहित टीएल प्रकरणों की समीक्षा भी की गई। इस मौके पर अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे,सीईओ जिला पंचायत संजना जैन,आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना,एसडीएम एपी द्विवेदी,जितेन्द्र वर्मा,सुधीर बेक,आरएन खरे,एलआर जांगडे सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि रबी उपार्जन के लिए 31 मार्च तक पंजीयन किया जा रहा है। अभी जिले में 6 हजार किसानों का पंजीयन किया गया है। पंजीयन केन्द्रों की संख्या बढाकर किसानों कोअधिकाधिक पंजीयन के लिए प्रेरित करें। इसके साथ ही समानांतर रूप से राजस्व अधिकारी सत्यापन का कार्य भी प्रारंभ करें। सतना और मैहर जिले में कुल 137 उपार्जन केन्द्र बनाने की स्वीकृति मिली है। वर्तमान में 53 पंजीयन केन्द्र और सीएससी,लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से किसानों का पंजीयन किया जा रहा है।कलेक्टर ने कहा कि सभी 9 लोक सेवा केन्द्र,156 सीएससी और आनलाइन कियोस्क को पंजीयन केन्द्र के रूप में जिला आपूर्ति अधिकारी अपनी लॉगिन से एक्टिवेट करायें। जिला प्रबंधक वेयर हाउस को जिले के गोदामों में वर्तमान की उपलब्ध भण्डारण क्षमता और एक माह बाद उपलब्ध होने वाली क्षमता की रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना में आवेदन की अंतिम तिथि 12 मार्च तक युवाओं को प्रोत्साहित करने उच्च शिक्षण संस्थाओं में कैम्प लगाने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही सितपुरा ग्राम पंचायत में स्किल ट्रेनिंग डेवलपमेंट के लिए युवाओं को प्रेरित करने चैपाल लगाने के निर्देश कलेक्टर ने दिये। ग्रीष्मकाल में ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की सुचारू उपलब्धता के लिए जनपद के सीईओ,नगरीय निकाय,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और विद्युत विभाग के अधिकारियों को पूर्ण सामंजस्य और समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश कलेक्टर ने दिये। पीएम आदर्श ग्राम योजना के तहत जिले में 28 आंगनवाडी भवनों का निर्माण कार्य चल रहा है। कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री पीआईयू को अगली टीएल तक स्वयं निरीक्षण कर यथा स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। कलेक्टर ने जिले में चल रही खदानों के संबंध में कहा कि फारेस्ट क्षेत्र में कोई भी खदान संचालित नहीं होनी चाहिए। बताया गया कि जिले में फारेस्ट एरिया में एक भी खदान संचालित नहीं है। फारेस्ट से लगे राजस्व भूमि में स्वीकृत खदानें है। कलेक्टर ने कहा कि एसडीएम,एसडीओ फारेस्ट, माइंनिंग आफीसर इन क्षेत्रों का दिन में संयुक्त भ्रमण करें और अवैध उत्खनन, परिवहन पर कार्यवाही करें। इसके साथ ही स्वीकृत नियमित खदानों का क्षेत्र भी नाप करा लें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एलके तिवारी ने बताया कि जिले में 15 लाख हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 11 लाख 6 हजार कार्ड बनाए गए हैं। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में हैण्डपम्पों के बिगडने की अधिक संख्या में शिकायतें होने पर कार्यपालन यंत्री सहित सभी एसडीओ पीएचई को एक सप्ताह की वेतन काटने की नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। विभाग की ग्रेडिंग 27वीं पाई गई। कलेक्टर ने कहा कि अपेक्षानुरूप प्रगति और सुधार आने पर नोटिस वापस की जा सकेगी। सूचना प्रोद्योगिकी में सर्वाधिक शिकायत लंबित रहने पर सीईओ रामपुर बघेलान को अगली टीएल तक सुधार लाने के लिए नोटिस जारी की गई। अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे ने खाद्यान्न वितरण संबंधी शिकायत को ग्राम पंचायत को अनावश्यक रूप से ट्रांसफर करने पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी बीके जडिया को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। ग्रामीण विकास की सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में जनपद पंचायत सीईओ मझगवां,बीपीओ छोटेलाल शुक्ला और बीसी प्रधानमंत्री आवास योजना को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। ऊर्जा विभाग में सीएम हेल्पलाइन का उचित निराकरण नहीं करने पर जे.ई.श्री निगम वितरण केन्द्र हरदुआ को नोटिस जारी करने निर्देशित किया गया।

### फार्मर रजिस्ट्री और राजस्व वसूली पर ध्यान दें राजस्व अधिकारी

कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी फार्मर रजिस्ट्री और राजस्व वसूली पर फोकस कर निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति करें। फार्मर रजिस्ट्री में अभी जिले की प्रगति 56 प्रतिशत है। राजस्व बैठक के निर्देशानुसार 75 प्रतिशत से कम फार्मर रजिस्ट्री वाले पटवारियों को एसडीएम अपने स्तर से कार्यवाही करें। कम फार्मर रजिस्ट्री वाले क्षेत्रों में तकनीकी समस्या या कारणों का भी पता करें। फार्मर रजिस्ट्री कार्य की प्रगति बनाये रखे। राजस्व वसूली में बडे बकायादारों को नोटिस जारी कर तामील कराये। इसके बाद 3 दिन का समय देकर कुर्की की नोटिस जारी कर कार्यवाही करें।

## जिले की गौरवशाली परंपरानुसार मिल-जुल कर मनायें त्यौहार

# शांति समिति की बैठक में अपील



**सतना।**

जिले के नागरिक अपनी गौरवशाली परंपरा के अनुसार आगामी समय में आने वाले सभी त्यौहार शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मिल-जुल कर मनायें। इस आशय की अपील कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ.सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में संपन्न जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में की गई। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता,अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे,आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना,एसडीएम सिटी राहुल सि ला डि या , ए ल आ र जांगडे,सीएसपी महेंद्र सिंह,जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम,नगर के थानों के टीआई,नगर निगम स्पीकर राजेश चतुर्वेदी,चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा,पार्षद अशरफ अली बाबा,मनीष तिवारी,सुरेन्द्र शर्मा,राजेश दुबे,जिया बेग,पार्षद पंकज कुशवाहा,जाकिर कुरैशी,शोयेब सिद्दकी एवं संबंधित विभाग प्रमुख अधिकारी एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।कलेक्टर डॉ.कुमार ने कहा कि होली से लेकर रामनवमी तक त्यौहारों की श्रृंखला शुरु हो रही है। जिले में होलिका दहन 13 मार्च गुरूवार और रंगो का पर्व होली धुरेड़ी 14 मार्च को मनाया जायेगा। त्यौहारों और महापुरुषों की जयंती की श्रृखंला में 30 मार्च को गुडी पडवा,चैत्री चांद, गौतम जयंती, 31 को ईदुल फितर तथा अप्रैल माह में 6 अप्रैल को रामनवमी,नवरात्रि,10 को महावीर जयंती,14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती सहित बुद्ध पूर्णिमा,18 अप्रैल को गुड फ्राइडे,30 अप्रैल को परशुराम जयंती के कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन सभी कार्यक्रमों की तिथियों के दौरान सभी जिले के नागरिक मिल-जुलकर आपसी सौहार्द के साथ त्यौहार मनायें और कार्यक्रमों का आयोजन करें।

### सद्भाव का माहौल बिगाड़ने वाले तत्वों पर होगी कडी कार्यवाही

पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने कहा कि सतना जिले में सद्भाव,भाईचारे और सभी वर्गों के लोगों की मिल-जुल कर त्यौहार मनाने की बहुत अच्छी परंपरा रही है। आज तक जिले में त्यौहारों में किसी प्रकार का व्यवधान नहीं हुआ है। इसी परंपरा को कायम रखते हुये सद्भाव बढ़ायें और मिल-जुल कर त्यौहार मनायें। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि सामाजिक सौहार्द और सद्भाव का माहौल खराब करने वाले तत्वों पर कठोर से कठोर कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# शांति और सौहार्द से मनाया जाएगा होली का त्योहार

### नशे के हालत में वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्यवाही के निर्देश

**मैहर।**

मैहर सिटी कोतवाली के थाना प्रांगण में एसडीएम विकास सिंह एवं सीएसपी राजीव पाठक की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।इस बैठक में आगामी विभिन्न त्योहारों को देखते नगर वासियों एवं सभी समुदाय के लोगों से शांति पूर्ण ढंग से पर्व मनाने की अपील की है। इस दौरान होली,ईद उल फितर एवं विभिन्न त्योहारं में होने वाले आयोजन की जानकारी ली गई। होली के पर्व पर होलिका दहन नगर के सभी चौक चौराहे में आयोजन किया जाता है जिसको लेकर सभी लोगों से सुरक्षित एवं शांति पूर्ण ढंग होलिका दहन करने की अपील की गई ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।नगर पालिका को पानी की सप्लाई,पानी के टैंकर एवं साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए ध्वनी विस्तारक यंत्रों डीजे,लाउड स्पीकरो पर शासन के निर्देशों का पालन करते हुए पूर्णतः प्रतिबंधित किए गया है।होली के त्योहार के दौरान सभी लोग रासायनिक रंगों की अपेक्षा प्राकृतिक रंगों का उपयोग सुनिश्चित करे। आयोजक समितियां किसी भीप्रकार के आयोजन एवं जुलूस की जानकारी संबंधित थाने एवं प्रशासनिक अधिकारी को अवश्य दें ताकि व्यवस्था की जा सके। वाहनों पर क्षमता से अधिक सवारी एवं नशे की हालत में वाहन चलाने वाले पर सख्ती से कार्यवाही करते हुए वाहन जप्त करते हुए अर्थदंड के साथ न्यायालिक कार्यवाही की जाएगी।थाना पुलिस द्वारा चौक चौराहों एवं संवेदन शील क्षेत्रों कटरा बाजार,रहीम चौक,रंगलाल चौक, ओवर ब्रिज के नीचे,स्टेट बैंक चौक,अम्बेडकर चौराहे में निगरानी रखी जाएगी साथ ही पुलिस की पांच पैट्रोलिंग पार्टी का गठन किया गया है जो कि मैहर के शहरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में लगातार पैट्रोलिंग की जाएगी। बैठक में नागरिकों से अपील की गई कि किसी भी घटना दुर्घटना की जानकारी पुलिस एवं संबंधित अधिकारी को तत्काल दे एवं किसी भी प्रकार के वाद विवाद से बचे। किसी भी परिस्थिति में कानून को हाथों में न ले।

### भाजपा नेता लक्ष्मी यादव की अंतिम यात्रा में उमड़ी भीड़

**सतना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मी यादव की अंतिम यात्रा में सोमवार को बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कोलगवां स्थित उनके आवास से निकली अंतिम यात्रा में सांसद गणेश सिंह ने अर्थी को कंधा दिया। नारायण तालाब के मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। उन्होंने समाजवादी पार्टी से उन्होंने चुनाव भी लड़ा था। वे पूर्व मुख्यमंत्री स्व.अर्जुन सिंह के करीबी रहे लक्ष्मी यादव ने 2003 में तत्कालीन मुख्यमंत्री उमा भारती के हाथों भाजपा की सदस्यता ली। वे विंध्य चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के संरक्षक भी रहे। जलयोग में भी उनकी विशेष रुचि थी। **हिंदू पर्व समन्वय समिति ने जताया शोक**- वरिष्ठ समाजसेवी जनप्रिय नेता लक्ष्मी यादव के असामयिक देहावसान पर हिंदू पर्व समन्वय समिति ने गहन शोक व्यक्त किया है। सभी सामाजिक धार्मिक आयोजनों में सहयोगी रहने वाले श्री यादव का निधन सम्पूर्ण समाज के लिए गहरी क्षति है।

### ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने हेतु प्रशिक्षण आज

**सतना।** शासन के निर्देशानुसार जिले के समस्त कार्यालय में 31 मार्च 2025 तक पूर्णतः ई-ऑफिस प्रणाली लागू की जायेगी। जिले में ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने के लिए शासन की मंशानुसार सुचारू रूप से क्रियान्वित कराने के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों का प्रशिक्षण 11 मार्च को किया जायेगा। जिसमें प्रथम पाली में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक राजस्व स्थापना कलेक्ट्रेट तथा द्वितीय पाली में दोपहर 3 बजे से सायं 5 बजे तक जिला शिक्षा केन्द्र के अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया है।

## 5 गांवों में 60 बकायादारों के काटे गए कनेक्शन, 1 पर बिजली चोरी का बनाया केस

**मैहर।**



ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों बिजली बिल बकायादारों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है जिसके चलते मैहर ग्रामीण कनिष्क अभियंता विवेकानंद द्विवेदी के द्वारा बकायादारों पर नकेल कसा जा रहा है जिसको लेकर अब बकायादार कनेक्शनधारियों के कनेक्शन काटने का काम किया जा रहा है। मैहर के डेल्हा, सोनवारी, हरदासपुर, हिनौता,चोपड़ा में 60 से अधिक कनेक्शन काटे गए है और एक उपभोक्ता को बिजली चोरी करते पकड़ा गया और उस पर केस बनाया गया है। बकायादारों को चाहिए कि शीघ्र ही बिजली बिल जमा कराएं। सभी उपभोक्ताओं से बिजली बिल बकाया राशि जमा कराए जाने की अपील की गई है जिससे कि होने वाली असुविधाओं से बच सके और सभी उपभोक्ताओं को सुचारू रूप के बिजली उपलब्ध हो सके।



## खबर संक्षेप

### युवक को आधा दर्जन लोगों ने पकड़ कर बेरहमी से पीटा, अस्पताल में भर्ती इलाज जारी



**पन्ना।** जिले के धरमपुर थाना अन्तर्गत ग्राम पुखरा से क्रिकेट खेल कर लौट रहे युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है घायल हुये युवक के भाई मनोज यादब ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 9 मार्च को मेरा भाई रामजी उर्फ नामी पिता मुन्ना यादव निवासी ग्राम पंचायत लोलाश ग्राम पुखरा क्रिकेट खेलने गया था जब वह वापस अपने साथियों के साथ लगभग 4 बजे घर लौट रहा था तब टिकुरिया के पास से लगभग आधा दर्जन लोगों के द्वारा मेरे भाई को रोक कर अपहरण कर ले गए और बेरहमी से उसके साथ मारपीट की गई जिसे उसके साथी घर के लोग ओर पुलिस काफी ढूंढते रहे लगभग रात आठ बजे मेरे भाई के साथ मारपीट कर छंगेराजा पेट्रोल पंप के पास अधमरा छोड़ कर चले गए जिसे धरमपुर पुलिस की मदद से अजयगढ़ अस्पताल लाया गया और भर्ती कराया गया जिसका इलाज जारी है बताया गया है कि नामी को खनिया के मंदिर के पास जंगल ले गए थे और उसकी बेरहमी से मारपीट की गई जिसके निशान उसके शरीर मे दिखाई दे रहे है। उक्त घटना में पुलिस ने युवक के बयान दर्ज कर लिए है और आगे की कार्यवाही कर आरोपियों की तलाश सरगर्मी से की जा रही है।

### इंडिया टीम की ऐतिहासिक जीत पर देवेंद्रनगर में जश्न



**देवेन्द्रनगर।** इंडिया टीम की आईसीसी चौंपियनशिप ट्रॉफी में ऐतिहासिक जीत की खुशी में देवेंद्रनगर में उत्सव का माहौल रहा। इस चौंपियनशिप का आयोजन पाकिस्तान और दुबई में हुआ था, जिसमें भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी मैचों में जीत हासिल की और फाइनल तक का सफर तय किया। आज फाइनल मुकाबला न्यूजीलैंड और इंडिया के बीच खेला गया, जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने अपनी पारी को खत्म किया। भारतीय टीम ने उनकी चुनौती को 4 विकेट से नकारते हुए मैच में शानदार जीत दर्ज की। इंडिया की इस जीत के बाद देवेंद्रनगर में खासा उल्लास देखने को मिला। नागरिकों ने खुशी के इस मौके पर आतिशबाजी की और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर इस ऐतिहासिक क्षण का आनंद लिया। पूरे नगर में विजयी भारत की जयकारों से माहौल गूंज उठा। इस ऐतिहासिक जीत ने न केवल क्रिकेट प्रेमियों को खुशी दी, बल्कि इसने भारतीय टीम की मेहनत और संघर्ष को भी दर्शाया, जिसने मुश्किलों के बावजूद एक बार फिर से विश्व मंच पर भारत का नाम रोशन किया।

### जमीनी विवाद में महिला को मारी गोली हालत गंभीर

**पन्ना।** जिले की अजयगढ़ थाना एवं हनुमतपुर चौकी अंतर्गत ग्राम कुंवरपुर टोरिया हार में जमीनी विवाद के चलते एक महिला को लायसेंसी बंदूक से गोली मारे जाने का मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही हनुमतपुर चौकी और अजयगढ़ थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और गोली चलाने वाले अमन यादव और उसके पिता मिठाई लाल यादव को हिरासत में ले लिया है। बताया गया है कि दोनों के बीच पारिवारिक जमीन को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था, इसी बात को लेकर आज 09-10 मार्च 2025 को रात लगभग 1 बजे दोनों परिवारों के बीच बहस हुई तभी अमन यादव ने अपने पिता की लाइसेंसी बंदूक से गोली चला दी जो अंजू अहिरवार पति रामकिशोर अहिरवार उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी कुंवरपुर को लग गई और महिला घायल होकर जमीन में गिर गई जिसकी हालत गंभीर बताई जा रही है महिला को तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहां से रीवा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

---

समस्त जिला अधिकारियों को शिकायतें प्रतिदिन अटेंड करने तथा उच्च गुणवत्ता के साथ शिकायतें बंद कराने हेतु किया निर्देशित

# शिकायतों का निराकरण न करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये समस्त शिकायतों को संतुष्टि पूर्वक निराकृत करने दी गई चेतावनी

### समय सीमा एवं समन्वय बैठक सम्पन्न



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने सामय सीमा एवं समन्वय बैठक लेते हुये सर्व प्रथम 1 फरवरी 2025 से दिनांक 23.02.2025 एवं 24 से 28 फरवरी 2025 तक सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण की समीक्षा किये जाने पर लोक निर्माण विभाग की शिकायत लंबित होने पर को प्रस्ताव तैयार करने की बात कही। वहीं वन विभाग जनजातीय कार्य विभाग तथा राजस्व विभाग का मात्र 56 प्रतिशत निराकरण करने के कारण संबंधित अधिकारियों पर फरवरी माह की लंबित शिकायतों का निराकरण न करने पर कलेक्टर सुरेश कुमार द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुये समस्त शिकायतों को संतुष्टि पूर्वक निराकरण करने तथा डी एवं सी ग्रेड लाने वाले अधिकारियों को बी ग्रेड लाने तथा कार्यालय प्रमुख को ए ग्रेड लाने को निर्देशित किया गया। जिससे जिला बाटम 5 में न आये और स्कोर कार्ड 80 प्रतिशत के ऊपर साबित हो। साथ ही संबंधीजन किसी कारण से अपात्र है तो और वह संतुष्टि से शिकायत बंद करने को तैयार नहीं है इस स्थिति में तो तत्संबंधी पोर्टल पर यथा स्थिति का प्रतिवेदन फीड करें। समस्त बीएमओ को सेक्टर अधिकारियों समस्त सीईओ जनपद पंचायत सचिव जीआरएस की एवं एसडीएम तहसीलदारों को पटवारियों की बैठक आयोजित कर कब समीक्षा की गई एजेण्डे की जानकारी भी चाही गई। वहीं समस्त कार्यालय प्रमुख 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों की समीक्षा करने पर बहुत शिकायतें बंद की गई। निर्धारित लक्ष्य अनुसार कार्य नहीं हुआ है इसलिये निराकरण निराशाजनक को लकर बात कहीं। 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों को प्राथमिकता के साथ संतुष्टि पूर्वक बंद कराने तथा स्पेशल क्लोज संभव है तो करायें या मांग आधारित है तो डिमाण्ड क्लोज करें। इसको लेकर निर्देशित किया गया। सीएम हेल्प लाईन की एल-1, एल-2, एल-3 स्तर की कोई भी शिकायत नॉट अटेंडेंट न रहे जिससे उसके 10 नम्बर मिलें उच्च गुणवत्ता के साथ यदि शिकायत बंद की जायेगी तो उसके भी 10 अंक मिलेंगे इस प्रकार समस्त जिला अधिकारियों को शिकायतें प्रतिदिन अटेंड करने तथा उच्च गुणवत्ता के साथ शिकायतें बंद कराने हेतु निर्देशित किया गया। जिस विभाग के द्वारा शिकायत अटेंड नही की जाती है उसके विरूद्व आरोप एकत्र करने हेतु प्रबंधक लोक सेवा केन्द्र को निर्देशित किया गया। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा बाह्य के कोई भी आवेदन लंबित न रहें एवं लोक सेवा गारंटी के समस्त आवेदनों पर समय-सीमा पर निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। वहीं जन अकांक्षा पोर्टल में लंबित टीएम जनसुनवाई के आवेदन पत्रों को एक सप्ताह के अंदर निराकरण करने हेतु भी कहा गया। साथ ही ब्लाक व तहसील स्तर पर जनसुनवाई निरंतर जारी रखने तथा तत्परता से प्राप्त शिकायतों का निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया है। वहीं माननीय उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरण है तो उनका जवाबदावा एक साथ तैयार कर माननीय उच्च न्यायालय में जवाब प्रस्तुत करने तथा माननीय न्यायालय में कलेक्टर के विरूद्ध जितने अवमानना प्रकरण है उनके जवाब प्रस्तुत करने हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। साथ ही समग्र ई-केवाईसी एवं पेंसल हितग्राहियों की समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवाईसी क्रमशः शिविर लगाकर प्रगति बढाने हेतु समस्त सीईओ एवं सीएमओ को कहा गया। इसी तरह सहायक संचालक उद्यान तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन पन्ना का कुल लक्ष्य अनुसार प्रगति न होने पर संबंधित ब्रांच से जहां कठिनाई आ रही हो तो उस संबंध में ब्रांच प्रबंधक वाईज नाम से प्रस्ताव लाने हेतु सहायक उद्यान एवं उप संचालक प्शु चिकित्सा विभाग को निर्देशित किया गया। समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों की आई,एफ,एम,आई,एस, सिस्टम से समग्र आईडी को लिंक करने हेतु शेष संबंधी विभाग क्रमकों को भी निर्देशित किया गया है। इतना ही नहीं समस्त संबंधित कार्यालय प्रमुखों को फेल ट्रजेक्शन के संबंध में जो ट्राजेक्शन फेल हुये है उन पर अतिशीघ्र कार्यवाही हेतु अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुये कार्यवाही के लिये जोर दिया गया। साथ ही संबंल योजना अंतर्गत पंजीन की जानकारी अवलोकन करने पर प्रगति बढाने हेतु सचिव एवं जीआरएस तथा वार्ड प्रभारी को लेकर भी कहा गया। जिला कोषालय अधिकारी द्वारा समस्त संबंधित कार्यालय प्रमुखों को अवगत कराये जाने पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के डीपीएफ बेलेंस डेटा अपडेशन की कार्यवाही समस्त तहसीलदारों को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। इस तरह से जहां समय सीमा तथा समन्वय बैठक में महत्वपूर्ण विषयों को लकर कलेक्टर द्वारा जिले के समस्त विभाग प्रमुखों को जिम्मेदारी व तत्परता पूर्वक प्रमुख विषयों पर ध्यान में रखते हुये कार्यवाही को लकर जोर दिया गया है।

---

## पन्ना टाइगर रिजर्व की बाघिन पी-234 (23) 22 को भेजा गया शिवपुरी माधव राष्ट्रीय उद्यान





**पन्ना।** प्रधान मुख्य वन सरंक्षक वन जीव भोपाल से प्राप्त अनुमति के अनुसार पन्ना टाइगर रिजर्व के बाघिन पी-234 (23) 22 को जिसकी उम्र लगभग 25 माह 10.03.2025 को माधव राष्ट्रीय उद्यान शिवपुरी के लिये रवाना की गई है। गौरतलब बात यह है कि उक्त बाघिन को प्राप्त करने के लिये माधव राष्ट्रीय उद्यान से डॉ0 जीतेन्द्र जाटव वन्य प्राणी चिकित्सक एवं परिक्षेत्र अधिकारी रूप कुमार दीक्षित तथ्ए वन रक्षक उपस्थित रहे। साथ ही क्षेत्र संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व की उपस्थिति में डॉ0 नितिन गुप्ता द्वारा बाघिन को निश्चेतन की कार्यवाही सम्पन्न कराने को लेकर माना जा रहा है। वहीं बाघिन को 10.03.2025 को ही रेस्क्यू वाहन द्वारा प्रातः 8 बजे माधव राष्ट्रीय उद्यान शिवपुरी के लिये रवाना किया गया। बाघिन के साथ पन्ना टाइगर रिजर्व से राजवेन्द्र मिश्रा अधीक्षक केन घडियान अभ्यारण्य के नेतृत्व में परिक्षेत्र अधिकारी पन्ना बफर बाघ अनुश्रवण सदस्य एवं रेस्क्यु दल के साथ बाघिन को भेजा गया है। वाइल्ड लाइफ कंजरवेशन ट्रस्ट के डॉ0 प्रशांत देशमुख भी कॉलरिंग हेतु इस ऑपरेशन में शामिल रहे। इस तरह से पन्ना की लगभग 25 माह की बाघिन पी-234 को राष्ट्रीय उद्यान शिवपुरी भेजा गया जहां बाघों का कुनवा बढाने को लेकर बाघिन का परिवार आगे जाना जायेगा।

## एसडीओपी सौरभ रत्नाकर के स्थानांतरण पर दी विदाई



**पवई।** गत दिवस पवई अनुविभाग में एसडीओपी के पद पर पदस्थ रहे सौरभ रत्नाकर का स्थानांतरण भोपाल सीएम सुरक्षा अधिकारी के पद पर हुआ है जिसको लेकर सोमवार को थाना परिसर पवई में विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी पवई सहित अनुभाग के थाना प्रभारी सिमरिया, चौकी प्रभारी मोहन्द्रा,चौकी प्रभारी हरदुआ,वन परिक्षेत्र अधिकारी नीतेश पटेल सहित पुलिस स्टाफ द्वारा साल श्रीफल भेंट कर फूल मालाओं से आत्मीय के साथ स्वागत किया गया समारोह के दौरान लोगो अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए उनके तीन साल के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की सौरभ रत्नाकर ने अपने सभी का आभार व्यक्त करते हुए अपने तीन साल के कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुए सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद किया। इस बीच बोलते बोलते उनकी की आंखों नम हो गई विदाई समारोह कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रघुवीर तिवारी द्वारा किया गया इस अवसर पर पत्रकार बंधु सहित पुलिस स्टाफ अन्य लोग मौजूद रहे।

## आदिवासियों की जीवन रेखा, पीला सोना महुआ




**पन्ना।** आने वाले दिनों में गर्मियों की आहट से जंगलों में एक अद्भुत सुगंध घुलने वाली है। मार्च से मई तक महुआ के फूलों की मादक सुगंध समूचे वन्य वातावरण को महका देती है। सुबह की ठंडी बयार में जब सफेद, रस भरे महुआ के फूल धरती पर गिरते हैं, तो उनका मोहक सौंदर्य मन को आनंद और उत्साह से भर देता है। यह मौसम खासतौर पर आदिवासी समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि महुआ उनके जीवन का अभिन्न अंग है-उनकी आजीविका, परंपरा और संस्कृति से गहराई से जुड़ा हुआ। महुआ, माहुल एक ऐसा शब्द जो सिर्फ एक पेड़ या फूल नहीं है बल्कि यह मिट्टी, संस्कृति, अर्थव्यवस्था और वन महल की जिंदगी की खुशबू की चिढ़ है। धीरे-धीरे ग्रीष्म ऋतु की प्रवेश हो रही है और इस प्रवेश से धीरे-धीरे खुशबू भी भर जाती है, तो जंगल महल एक अलग ही मोह से ग्रस्त हो जाता है, पर्यावरण के लिए केवल वृक्ष नहीं यह जंगल महल की आजीविका और अर्थव्यवस्था का एक स्तंभ है, स्थानीय निवासी महुआ के फलों को इकट्ठा करते हैं और बेचते हैं जो उनकी आजीविका के मुख्य स्त्रोतों में से एक है। माहुल से बनी शराब स्थानीय स्तर पर बहुत लोकप्रिय है और भारत में इसे देसी शराब के रूप में माना जाता है, धर्म और संस्कृत में माहुल का बहुत महत्व है। इसका उपयोग भोजन, तेल, शराब, जाहेर थान में पूजा, विवाह रीति-रिवाज आदि में किया जाता है। इस आधार पर यह निष्कर्ष निकलता है कि जंगल महल न केवल अपने हरे भरे जंगलों, झरनों और नदियों के लिए प्रसिद्ध है बल्कि जीवन से जुड़ी अपनी सांस्कृतिक और पर्यावरण के लिए भी प्रसिद्ध है। यह सिर्फ फूल नहीं है, यह जंगल महल की आत्मा है माहुल की खुशबू उसकी विरासत उसकी आर्थिक और धार्मिक महत्व आज भी जंगल महल के हर एक दिल की गहराई में है।

## मिठाई, मावा, पनीर की दुकानों पर खाद्य सुरक्षा को ध्यान में रखकर प्रशासन द्वारा निरीक्षण करते हुये की गई कार्यवाही



**पन्ना।** होली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा मिठाई मावा पनीर की दुकानों पर निरीक्षण की कार्रवाई की गई है आज श्री जुगल किशोर जी मंदिर के समीप स्थित राधे डेयरी पर निरीक्षण करते हुए मावा का नमूना लिया गया है गुप्ता स्वीट्स साईं मंदिर के सामने स्थित प्रतिष्ठान से पेड़ा का नमूना लिया गया है जबकि आरके ट्रेडर्स बड़ा बाजार, धीरू भोग भंडार किशोर जी मंदिर के पास, राजेंद्र गुप्ता की मिठाई की दुकान तथा जुगल किशोर प्रसाद भंडार पर निरीक्षण की कार्रवाई की गई है त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए नमूना एवं निरीक्षण की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी खाद्य कारोबार कर्ताओं से आग्रह है कि अपने प्रतिष्ठान पर खाद्य लाइसेंस अथवा पंजीयन जो भी उपयुक्त हो को प्रदर्शित करना एवं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## पं. बृजेश जी महाराज ने सुखदेव जी महाराज और 24 अवतारों की महिमा पर प्रकाश डाला

### पन्ना में श्रीमद्भागवत कथा का तीसरा दिन, अब कथा शाम 6:00 बजे से हरि इच्छा तक



**पन्ना।** पन्ना जिले के श्री जुगल किशोर जी मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन पं. बृजेश जी महाराज ने सुखदेव जी महाराज की कथा, विदुर चरित्र और 24 अवतारों की महिमा पर गहरा प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भगवान श्री कृष्ण के अवतारों की कथा सिर्फ एक धार्मिक घटना नहीं, बल्कि जीवन के हर पहलू में मार्गदर्शन देने वाली है। कथा के दौरान पं. बृजेश जी महाराज ने सुखदेव जी महाराज के जीवन और उनके ज्ञान को लेकर श्रद्धालुओं को बताया कि सुखदेव जी महाराज का समर्पण और तपस्या ही उन्हें भगवान के करीब ले गया। उनका जीवन साधना और भक्ति का आदर्श है। पं. बृजेश जी ने कहा कि जैसे सुखदेव जी महाराज ने भगवान के दिव्य ज्ञान को प्राप्त किया और उसे सबके साथ साझा किया, ठीक वैसे ही हमें भी भगवान के मार्गदर्शन को जीवन में अपनाना चाहिए। इसके बाद, पं. बृजेश जी महाराज ने विदुर चरित्र का वर्णन किया। उन्होंने विदुर जी के जीवन के संघर्षों, उनके विचार और उनके द्वारा किए गए अच्छे कार्यों को साझा किया। पं. बृजेश जी ने बताया कि विदुर जी का जीवन हमें सिखाता है कि जीवन में चाहे जैसी भी परिस्थिति हो, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलना हमेशा सर्वोत्तम होता है। इसके बाद पं. बृजेश जी महाराज ने गुजराती के किले के छिलके खाने की एक कथा सुनाई, जिसमें उन्होंने बताया कि जीवन में हमें किसी भी प्रकार की बुरी आदतों से बचना चाहिए और केवल सकारात्मक विचारों और कर्मों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। पं. बृजेश जी महाराज ने सृष्टि के वर्णन पर भी ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने बताया कि सृष्टि का निर्माण भगवान के दिव्य शक्ति से हुआ है और इस संसार में हर जीव का अपना एक उद्देश्य है। सृष्टि के हर घटक में भगवान की महिमा छिपी हुई है। फिर पं. बृजेश जी ने 24 अवतारों की कथा सुनाई, जिसमें भगवान श्री कृष्ण के 24 अवतारों की महत्वपूर्ण घटनाओं का वर्णन किया गया। उन्होंने बताया कि भगवान के अवतारों का उद्देश्य पृथ्वी पर धर्म की स्थापना करना और अधर्म का नाश करना था। इसके बाद, पं. बृजेश जी महाराज ने कपिल भगवान के अवतार का भी विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने बताया कि कपिल भगवान ने समर्पण और तपस्या का महत्त्व बताया और हमें यह सिखाया कि भगवान के मार्ग पर चलने से ही हम जीवन के सच्चे उद्देश्य को प्राप्त कर सकते हैं। अंत में, पं. बृजेश जी महाराज ने ध्रुव चरित्र पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जैसे ध्रुव ने कठिन तपस्या से भगवान को प्रसन्न किया और अपने जीवन का सर्वोत्तम उद्देश्य प्राप्त किया, ठीक वैसे ही हमें भी जीवन में कठिनाइयों को पार करते हुए भगवान की भक्ति और तपस्या को अपनाना चाहिए। यह कथा विशेष रूप से इस कारण महत्वपूर्ण थी कि पं. बृजेश जी महाराज की यह हृदय की प्रबल इच्छा थी कि वे जुगल किशोर जी महाराज के मंदिर में भगवान के दिव्य संदेश को श्रद्धालुओं के बीच सुनाएं। उनकी यह इच्छा आज पूरी हो रही थी। पं. बृजेश जी महाराज ने सदैव विभिन्न स्थानों पर श्रीमद्भागवत कथा का प्रचार किया है, लेकिन जुगल किशोर मंदिर में अपनी कथा कहने का उनका मन बहुत पहले से था। कथा का समय अब बदल चुका है और यह अब शाम 6रू00 बजे से लेकर हरि इच्छा तक चलेगी। 14 मार्च को कथा का समापन होगा, जिसमें भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए यह एक दिव्य अवसर होगा, जहां वे भगवान के दिव्य संदेश को आत्मसात कर भक्ति और आत्म-निर्माण के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित होंगे।

## पवई में चल रहे बैडमिंटन टूर्नामेंट का रंगारंग हुआ समापन

**पवई।** महाराजा छत्रसाल इंडोर स्टेडियम पवई में चल रहे बैडमिंटन टूर्नामेंट का आज रविवार को रंगारंग समापन हुआ टूर्नामेंट में कुल 12 टीमों ने भाग लिया जिसमे रोमांचक फाइनल मुकाबले में गोविंद लोधी और इशाक खान की जोड़ी ने सर्वोत्तम पांडेय और अर्पित खरे को 2-0 से शिकस्त दी और ट्रॉफी अपने नाम की और तीसरे स्थान के लिए मनीष पांडेय और आनंद पांडेय विजेता रहे सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को भी सील्ड प्रदान की गई जिसके लिए समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर के पूर्व खिलाड़ी श्री रामजी छिरोल्या ,श्री दीपक सोनी ,श्री अमित खरे जी ,श्री दीपेंद्र सिंह जी जिला महामंत्री,श्री मनोज जायसवाल जी,श्री हरिराम पटेल जी ,श्री अनिल सक्सेना जी,पत्रकार बंधु और समस्त खेल प्रेमी और खिलाड़ी उपस्थित रहे। शानदार आयोजन के लिए नगर वासियों ने सराहना की और नई प्रतिभाओं को हुनर दिखाने का मौका मिला।



## खबर संक्षेप



### एएसपी विदिता डागर ने संभाला पदभार

**छतरपुर।** पिछले दिनों छतरपुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बनाई गईं आईपीएस विदिता डागर ने सोमवार को पदभार संभाला। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने उनका स्वागत करते हुए उन्हें जिले के स्थिति बनाई। वहीं विदिता डागर ने मीडिया से बात करते हुए जिले के अपराध मुक्त बनाने का प्रयास करने, लंबित पड़े मामलों का शीघ्र खुलासा करने और जिले में कानून व्यवस्था कायम करने को अपनी प्राथमिकता बताया। एसपी के अलावा अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों ने भी उनसे मुलाकात कर उनका स्वागत किया।

### स्वेच्छानुदान से हितग्राहियों को मिलेगी 1 लाख 35 हजार की सहायता राशि

**छतरपुर।** म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा छतरपुर जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित 4 लोगों को बेहतर उपचार के लिए मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से हितग्राहियों को 1.35 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। हितग्राही शिमला अनुरागी पति ज्ञानचंद्र अनुरागी निवासी वार्ड नं.1 सटई तह. बिजावर को 40 हजार रूपए, जमीला खातून पति बकील खान निवासी नारायण बाग कोठी के पास छतरपुर को 35 हजार रुपए, रामौतार पटेल पिता रामेश्वर पटेल निवासी उमरया को 25 हजार रुपए एवं नीमा पाल पति पन्नालाल पाल नि. ग्राम अलीपुरा जिला छतरपुर को 35 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### सरवई पुलिस ने पकड़ा मवेशी चोरी, मवेशी भी मिला



**छतरपुर।** गत जनवरी माह में सरवई निवासी एक पशुपालक का मवेशी (भैंस) चोरी हो गया था, जिसकी शिकायत पशुपालक द्वारा थाना में की गई थी। पुलिस ने प्रकरण की विवेचना के दौरान आसपास के क्षेत्र एवं पशु बाजारों में पड़ताल की तो एक संदेही की जानकारी मिली। संदेही द्वारा चोरी की भैंस को अंदर में बांधकर रखा गया था। पुलिस ने संदेही सलमान खान पिता शहादत खान निवासी सरवई को पकड़कर पूछताछ की तो उसने चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसकी निशानदेही पर चोरी की भैंस को भी दस्तयाब कर लिया गया है। कार्यवाही में लवकुशनगर एसडीओपी नवीन दुबे के अलावा सरवई थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अतुल कुमार झा, सहायक उप निरीक्षक बबलू सिंह, प्रधान आरक्षक शिवस्वरूप त्रिपाठी, जितेंद्र सिंह, आरक्षक रामप्रताप, अमित राजपूत, रोहित घोसी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### घरेलू हिंसा व महिला अपराधों को रोकने दिया गया प्रशिक्षण



**छतरपुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक छतरपुर रेंज ललित शाक्यवार के निर्देशन में सोमवार को पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में घरेलू हिंसा एवं महिला संबंधी अपराधों का अनुसंधान विषय पर रेंज स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। आयोजित सेमिनार में छतरपुर रेंज के जिला छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी से 50 अनुसंधानकर्ता अधिकारी उपस्थित रहे। जिला अभियोजन अधिकारी प्रवेश अहिरवार ने महिला एवं बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों की विवेचना के समय ध्यान रखने वाले बिंदु बताए। पोक्सो एक्ट के संबंध में विस्तृत जानकारी एडीपीओ अमितमणि त्रिपाठी ने दी। नवीन अधिनियम भारतीय न्याय संहिता एवं अन्य विधियों में महिला संबंधी घटित अपराधों के संबंध में एडीपीओ शिवाकांत त्रिपाठी द्वारा बताया गया। नवीन अधिनियम भारतीय न्याय संहिता में महिला के विरुद्ध अपराधों के संशोधन के संबंध में हेमंत बाजोरिया एडीपीओ द्वारा जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी नगर पुलिस अधीक्षक छतरपुर अमन मिश्रा रहे। कार्यक्रम में डीआईजी कार्यालय से उप निरीक्षक शशिकांत पाठक एवं सहायक उप निरीक्षक रामकृष्ण सिंह भदौरिया उपस्थित रहे।

## टीआई आत्महत्या कांड में पुलिस के हाथ लगी संदिग्ध युवती और उसका साथी

**एक दर्जन से अधिक लोग रिमांड पर, की जा रही पूछताछ**

**छतरपुर।** 4 दिन पहले छतरपुर के कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद कुजूर द्वारा की गई आत्महत्या के मामले की प्रमुख संदेही आशी राजा, सोमवार को अपने सहयोगी सोनू ठाकुर सहित पुलिस के हाथ लग गई है। उक्त दोनों के अलावा मामले से जुड़े एक दर्जन से अधिक अन्य लोगों को भी पुलिस ने रिमांड पर लिया है, जिनसे लगातार पूछताछ की जा रही है।



सीएसपी अमन मिश्रा ने आशी राजा राजा और सोनू ठाकुर की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि, थाना ओरछा रोड पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले की विवेचना की जा रही है। आशी राजा और सोनू ठाकुर के अलावा उनके कुछ सहयोगियों को भी अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की जा रही है। सीएसपी श्री मिश्रा के मुताबिक अभी तक 10 से 15 लोगों से संदेह के आधार पर पूछताछ की जा चुकी है, जल्द ही पुलिस अधीक्षक द्वारा मामले का खुलासा किया जाएगा। सूत्रों से जानकारी मिली है कि आशी राजा और सोनू ठाकुर, सफारी स्ट्रोम कार के साथ पकड़े गए हैं।

### सूत्रों के हवाले से सामने आ रही यह कहानी

उल्लेखनीय है कि टीआई आत्महत्या मामले में पुलिस लगातार सक्रिय है और लगातार नए-नए तथ्य सामने आ रहे हैं। सूत्रों के हवाले से जो कहानी अभी तक सामने आई है उसके मुताबिक दिवंगत टीआई ने प्रताड़ित होकर नहीं बल्कि ब्लैकमेलिंग से तंग आकर जान दी है। आशी राजा के पास टीआई का आपत्तिजनक वीडियो होने की चर्चा है, जिसके नाम पर उन्हें ब्लैकमेल किया जा रहा था। मामले में आशी राजा और सोनू ठाकुर के अलावा राहुल शुक्ला नाम के एक युवक की प्रमुख भूमिका बताई जा रही है। टीआई की एक कार भी राहुल शुक्ला के नाम पर होने की जानकारी है। सूत्रों की मानें तो अरविंद कुजूर और राहुल शुक्ला के बीच पैसों का लेन-देन था। कुछ समय से उनके बीच अनबन चल रही थी, जिसके चलते राहुल शुक्ला के कहने पर आशी राजा और सोनू ठाकुर द्वारा आपत्तिजनक वीडियो के नाम पर अरविंद कुजूर को ब्लैकमेल किया जा रहा था। आशी राजा द्वारा शहर की बच्चा जेल के पास मौजूद एक कॉलोनी में 25 से 30 लाख की कीमत वाला मकान दिलाने की मांग टीआई कुजूर से किए जाने की चर्चा है। हालांकि इन सभी आरोपों और चर्चाओं की पुष्टि होना अभी बाकी है।

**पुलिस ने तीन के विरुद्ध दर्ज किया मामला, जांच जारी**

## शादी-समारोह में शराबियों ने मचाया आतंक, वायरल हुआ

**छतरपुर।** जिले के भगवां थाना क्षेत्र के ग्राम फुटवारी में एक शादी समारोह के दौरान गांव के ही तीन शराबियों द्वारा उपद्रव तथा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घटना तीन दिन पुरानी है, जिसका वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। भगवां पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर तीनों युवकों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक गत 7 फरवरी को ग्राम फुटवारी निवासी चतरा पुत्र सरमना अहिरवार उम्र 50 वर्ष की बेटी रंजना की शादी थी, जिसमें बारातियों के मनोरंजन के लिए ग्रामीण कलाकारों को बुलाया गया था। उक्त कलाकार लोगों का मनोरंजन कर रहे थे तभी गांव का पप्पू आदिवासी, नंद किशोर आदिवासी और राजा आदिवासी शराब के नशे में धुत्त होकर पहुंचे और उक्त कार्यक्रम अपने घर के बाहर करवाने की जिद करने लगे। जब चतरा सहित अन्य रिश्तेदारों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो तीनों ने मारपीट और तोड़-फोड़ शुरु कर दी। मारपीट में चतरा के अलावा उसका भाई हरप्रसाद, रिश्तेदार कम्मा और राजेश अहिरवार को चोटें आई थीं। मारपीट के दौरान किसी ने शराबियों का वीडियो बना लिया था, जो कि सामवार का वायरल हुआ है। वहां घटना के बाद पीड़ित चतरा ने भगवां थाना पहुंचकर शिकायत की, जिस पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 115(2), 296(3), 351(2), 324(4), 3(5) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरु की है।

## मेला महोत्सव में हुए संस्कृति कार्यक्रम

**खजुराहो।** नगर में चल रहे महाशिवरात्रि मेला महोत्सव के तहत बीते रोज पाहिल वाटिका में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ, जिसके मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अरविंद पटैरिया रहे और उन्होंने पारंपरिक ढंग से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं आयोजन समिति की ओर से खजुराहो नगर परिषद अध्यक्ष अरुण अवस्थी और सीएमओ बसंत चतुर्वेदी ने विधायक का स्वागत किया।




कार्यक्रम के अंतर्गत आर्केस्ट्रा की आकर्षक प्रस्तुति हुई। विधायक ने महाशिवरात्रि पर्व के कार्यक्रम में सहभागित करने वाले बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर उनका मनोबल बढ़ाया। वहीं प्रताप नवयुवक संघ के अध्यक्ष व मुख्य प्रशिक्षक प्रदीप सेन, मलखंभ प्रशिक्षक इन्द्रजीत दीक्षित, सौरभ कुशवाहा और दयाशंकर के साथ मलखंभ का प्रदर्शन करने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिक, नारी शक्ति, समाजसेवी संस्थाओं के कार्यकर्ता, कला प्रेमियों के अलावा पार्षद दुर्गा पटेल, चिरैया अहिरवार, श्रीमती विनोद सोनी, नीरज चतुर्वेदी युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष, मुकेश पांडे, गौरव अग्रवाल, शैलेंद्र सिंह यादव, दीपक शिवहरे, मुन्नी चच्चा, श्रीकान्त मिश्रा, कपिल प्रताप सिंह बुंदेला आदि मौजूद रहे।

## महाबोधि महाविहार बौद्ध गया को मुक्त कराने छतरपुर में हुआ प्रदर्शन

### राष्ट्रीय बौद्ध महासभा की जिला इकाई ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**छतरपुर।** महाबोधि महाविहार बौद्ध गया को गैर बौद्धों से मुक्त कराकर उसका नियंत्रण पूर्णतः बौद्धों को सौंपने की मांग को लेकर सोमवार को राष्ट्रीय बौद्ध महासभा की जिला इकाई द्वारा जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया है। जिला मुख्यालय के मेलाग्राउंड मे सुबह के वक्त एकत्रित हुए बौद्ध समाज के लोगों ने रैली के रूप में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।



ज्ञापन सौंपने पहुंचे भंते महानाम ने बताया कि महाबोधि महाविहार बौद्ध गया जिला गवा बिहार में गौतम बुद्ध की ज्ञान स्थली है। बौद्धगया यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में सम्मिलित है। विश्व के इस पवित्र एवं गौरवपूर्ण स्थान से विश्व भर के बौद्धों एवं अम्बेडकर अनुयाइयों की आस्था जुड़ी हुई है। भारतीय संविधान लागू होने के पूर्व के बौद्धगया मंदिर अधिनियम 1949 (बी.टी. एक्ट 1949) के प्रावधान अनुसार इस महाबोधि महाविहार के प्रबंधन कमेटी में चार गैर बौद्ध चार बौद्ध सदस्य सम्मिलित है और इस कमेटी के अध्यक्ष गया जिले के कलेक्टर होते हैं। उन्होंने बताया कि उक्त अधिनियम पूर्णत अनुचित एवं असंवैधानिक है। बौद्धगया पर बौद्धों का प्रबंधन न होने से विश्व धरोहर महाबोधि महाविहार के मूल स्वरूप के साथ गैर बौद्धों द्वारा छेड़छाड़ कर विकृत किया जा रहा है। विश्व शांति दूत के स्थल पर नियमित शांति भंग हो रही है। बौद्धगया महाबोधि महाविहार विश्व के बौद्धों का सबसे प्रमुख केंद्र है। देश में जिस प्रकार से मुस्लिम, इसाई, सिख व अन्य धर्मावलबियों का उनके धार्मिक स्थलों के प्रबंधन का अधिकार है। उसी प्रकार महायोधि महाविहार गया का संपूर्ण प्रबंधन बौद्धों का होना चाहिए। ज्ञापन के माध्यम से महाबोधि महाविहार बौद्ध गया को गैर बौद्धों से मुक्त कराकर उसका नियंत्रण पूर्णतः बौद्धों को सौंपने की मांग की गई है। इस मौके पर ग्रमानंद, मंजिस सिंह, संजू सुमन, काशीप्रसाद अहिरवार, आशाराम अहिरवार सहित बोद्ध समाज के दर्जनों लोग मौजूद रहे।

**होल्ड किए गए बकायादारों के बैंक खाते**

## बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से की लाखों की वसूली

**हरपालपुर।** विद्युत विभाग द्वारा अपने बकायदारों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया गया है और बकायदारों पर सख्ती दिखाकर उनसे वसूली की जा रही है। हरपालपुर कार्यालय ने पांच सदस्यीय टीम वसूली के लिये गठित की है जिसने दर्जनों उपभोक्ताओं से लाखों की वसूली की है। जो बकायादार पैसे देने में आनाकानी कर रहे हैं, उनके बैंक खातों को विभाग द्वारा होल्ड कराया जा रहा है जिससे हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।



सोमवार की दोपहर करीब 12 बजे बिजली विभाग की टीम ने क्षेत्र के ग्राम कराठा, पपटुआ, भदर्रा, करारगंज, गलान पहुंचकर बकायदारों से वसूली की और आनाकानी करने वाले उपभोक्ताओं के बैंक खातों को होल्ड कराया। कनिष्ठा अभियंता जितेन्द्र प्रजापति ने बताया कि मार्च माह में चलाए जा रहे विशेष वसूली अभियान के तहत हरपालपुर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कनेक्शन काटने व वसूली की कार्यवाही जारी है। अभी तक हरपालपुर में 18 बकायादारों के कनेक्शन काटे गए हैं। उक्त बकायादारों से 3 लाख 83 हजार रुपये की वसूली बाकी थी, जिसमें से 1 लाख 24 सौ रुपये वसूल हो गए हैं। इस दौरान केशव अग्रवाल, राजेन्द्र बाजपेयी, काशीराम अनुरागी, वीरेन्द्र सिंह, निरपत पाल मौजूद रहे।

### कल और 26 मार्च को लगेगा विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर

म.प्र. विद्युत नियामक आयोग के निर्देशानुसार जिला छतरपुर के विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण के लिए जिला स्तरीय विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर का आयोजन सटई रोड पर स्थित अधीक्षण अभियंता (सं/सं) म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.क.लि. कार्यालय छतरपुर में बुधवार 12 मार्च एवं 26 मार्च 2025 को प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक आयोजित किया जाएगा। अधीक्षण अभियंता म.प्र. पूर्व क्षेत्र वि.वि.कं.लि. छतरपुर ने अपील की है कि विद्युत उपभोक्ता नियत दिनांक एवं समय पर उपस्थित होकर शिकायत निवारण शिविर में अपनी शिकायतों को दर्ज करवाकर शिकायतों का निराकरण करा सकते हैं।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने लिए खाद्य पदार्थों के सैंपल

**छतरपुर।** आगामी होली पर्व के दृष्टिगत कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देश पर जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिसके अंतर्गत छतरपुर स्थित विशाल मेगा मार्ट से बैसन एवं साबुदाना, हरिओम ट्रैडर्स से घी, स्मार्ट पॉइंट से साबुदाना एवं सोन पापड़ी, बब्बी समोसा भण्डार, लवकुशनगर से मोती चूर के लड्डू, कृष्णा स्वीट्स एण्ड बैकरी लवकुशनगर से दूध की बर्फी, सुरेश कुमार गुप्ता लवकुशनगर से पेड़ा एवं मावा बर्फी, प्रमोद स्वीट्स चंदला से मावा एवं पेंड़ा, कृष्णा मिष्ठान भण्डार बारीगढ़ से मावा पेड़ा एवं मगज के लड्डू, अनुपमा मिष्ठान भण्डार गौरिहार से मिल्क केक, मावा, बर्फी पेंड़ा एवं दूध की बर्फी, रिद्धि सिद्धि स्वीट्स सरवई से दूध की बर्फी एवं गाजर का हलवा, हरपालपुर स्थित राम राजा मिष्ठान से खोवे की बर्फी, पारस स्वीट्स से दूध की बर्फी, चौरसिया मिष्ठान भण्डार से खोवे के पेड़े, श्री सिद्ध सांई कन्फैक्शनरी से चौकलेट, सम्यक स्वीट्स बक्स्वाहा से खोवे के पेड़े एवं खोवे की बर्फी तथा महावीर मिष्ठान भंडार से खोवे के पेड़े के नमूने जॉच के लिए लेकर खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गये हैं। जिनके जाँच परिणाम प्राप्त होने पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही दुकानदारों को मौके पर गंदगी पाये जाने पर सुधार सूचना पत्र दिया गया है। दुकानदारों से परिसर में साफ सफाई रखने एवं त्यौहारी सीजन पर ताजी मिठाईयों का विक्रय करने के निर्देश दिए है।



## 11 निर्धन बेटियों के हाथ पीले करेगा श्री मारुति मानस संघ

**बरिया धाम मन्दिर में 12 मार्च को होगा सर्वजातीय कन्या महोत्सव**



**हरपालपुर।** पिछले 8 वर्षों से निर्धन और असहाय कन्याओं के विवाह करवाने की परंपरा निभा रहे श्री मारुति मानस संघ द्वारा इस वर्ष 11 निर्धन बेटियों के हाथ पीले किए जाएंगे। 12 मार्च बुधवार को संघ द्वारा बरिया धाम हनुमान मंदिर में सर्वजातीय कन्या महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बेटियों का विवाह होगा। संघ के अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने बताया कि आठवां सर्वजातीय कन्या विवाह महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। उन्होंने बताया कि विवाह में सभी जोड़ों को पलंग, कुर्सी, पंखा, आलमारी, सोने-चांदी के आभूषणों सहित अन्य उपहार भेंट किये जाएंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए पुजारी नीरज पाठक, गोलू महाराज के अलावा संघ के सदस्य अरुण कुमार पाठक, श्रीराम अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, सरदार बस्से, प्रदीप गुप्ता, केशव अग्रवाल, मनीष पुरवार, मोनू रूसिया, मनीष अग्रवाल, कृष्ण कुमार रूसिया, शुभम पटैरिया, राजेन्द्र खरे कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

## एनटीपीसी विंध्याचल में महिला संविदा कर्मियों हेतु महिला दिवस का आयोजन



**सिंगरौली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में एनटीपीसी विंध्याचल में एक अनूठी पहल करते हुये उमंग भवन में, दिनांक 08-03-2024 को परियोजना में कार्य करने वाली महिला संविद्रा कर्मियों हेतु उत्साह एवं उमंग के सालीथ महिला दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमे भारी संख्या मे महिला संविद्रा कर्मियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे डॉ. प्रतिमा महेंद्र, वरिष्ठ विशेषज्ञ (स्त्री रोग), डा. वर्तिका कुलश्रेष्ठ, वरिष्ठ विशेषज्ञ (नेत्र चिकित्सा) उपस्थित रही साथ ही श्रीमती मृणालिनी, अपर महाप्रबंधक(मानव संसाधन), श्रीमती कामना शर्मा, उप महाप्रबंधक(मानव संसाधन) भी उपस्थित रही। इस अवसर पर डॉ. प्रतिमा महेंद्र, वरिष्ठ विशेषज्ञ (स्त्री रोग) एवं डा. वर्तिका कुलश्रेष्ठ, वरिष्ठ विशेषज्ञ (नेत्र चिकित्सा), चिकित्सालय विंध्यनगर ने "महिलाओं की दैनिक जीवन में आने वाली समस्याएँ एवं उनका समाधान" तथा "स्वच्छता" विषय पर व्याख्यान देते हुए उपस्थित सभी प्रतिभागियों को रोजमर्रा के काम-काज में आने वाली समस्याओं एवं शारीरिक व मानसिक बीमारियों/ परेशानियों से लड़ने हेतु महत्वपूर्ण तरीके बताए। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओ को डा. वर्तिका कुलश्रेष्ठ ने विभिन्न प्रकार के प्रेरक वीडियो एवं प्रसंगों के माध्यम से छोटी-बड़ी समस्याओं से निजात पाने के सरल तरीके बताए। इस अवसर पर सभी महिला संविद्रा कर्मचारियों हेतु प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमे सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियो को मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। इस कार्यक्रम मे भाग लेकर सभी प्रतिभागी महिलाओं में काफी उत्साहित एवं सकारात्मक प्रसन्नता का भाव दिखाई दिया।

## त्यौहारों के समय कानून और व्यवस्था की कड़ी निगरानी रखें - कमिश्नर

### होली तथा अन्य त्यौहार शांतिपूर्वक मनाने के लिए सभी को समझाइश दें: कमिश्नर बीएस जामोद

### कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए माइक्रो लेवल तक करे प्लानिंग: प्रभारी आईजी



**सिंगरौली।** विगत दिवस त्यौहारों के दौरान शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रबंधों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष कमिश्नर बीएस जामोद की अध्यक्षता में एवं डीआईजी साकेत प्रकाश पांडेय, कलेक्टर चंद्र शेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री की उपस्थिति में आयोजित हुई ।बैठक में आगामी आने वाले त्यौहारों में कानून और व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के संबंध में समीक्षा की गई। कमिश्नर ने कहा कि होली, ईद, नवरात्रि, रामनवमी जैसे त्यौहार आने वाले हैं। त्यौहारों के दौरान कानून और व्यवस्था की कड़ी निगरानी रखें। राजस्व और पुलिस अधिकारी संयुक्त रूप से क्षेत्र का भ्रमण करें। जिले के सभी प्रमुख शहरी क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकालें। असामाजिक तत्वों और आदतन अपराधियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि सभी त्यौहार सद्भाव और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाये जायें।

संभागीय कमिश्नर बीएस जामोद ने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से उनके क्षेत्र में शांतिपूर्ण और सद्भावना के वातावरण में त्यौहार मनाने के लिए कानून और व्यवस्था की स्थिति सुदृढ रखने की गई कार्यवाहियों की अनुविभागवार जानकारी ली। उन्होंने कहा कि होली खेलने के दिन नगरीय निकाय और ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की उपलब्धता के लिए दोपहर के समय भी अतिरिक्त सप्लाई की व्यवस्था करें। इसके अलावा इन दिवसों में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति निर्बाध रूप से बनाई रखी जाये। होली के दिन ही जुमे की नमाज भी अता की जाएगी। मस्जिदों तथा सार्वजनिक स्थलों पर पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात रहे। थाना स्तर पर शांति समिति की बैठकें आयोजित कर होली तथा अन्य त्यौहार शांतिपूर्वक मनाने के लिए सभी को समझाइश दें। होली के दिन पुलिस और राजस्व अधिकारी लगातार क्षेत्र का भ्रमण करें। कमिश्नर ने कहा कि होलिका दहन के लिए परंपरागत रूप से चिन्हित स्थलों पर ही अनुमति दें। संभागीय कमिश्नर ने निर्देश दिए कि बिजली के तार अथवा संचार माध्यमों की केबिल के नीचे होलिका दहन न करने दें। होली के दिन शराब की सभी दुकानें पूरी तरह से बंद रहेंगी। इसका कठोरता से पालन सुनिश्चित करें। त्यौहारों में नशा करके उत्पात करने, तेज गति से वाहन चलाने तथा अन्य असामाजिक गतिविधियाँ करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी होलिका दहन तथा होली के दिन जिले के सभी अस्पतालों में आपातकालीन चिकित्सा के लिए डॉक्टर एवं अन्य कर्मचारी तैनात रखें। अधिकारी अपना सूचना तंत्र मजबूत रखें। महत्वपूर्ण सूचनाओं पर तत्परता से कार्यवाही करें।

बैठक में बैठक में प्रभारी आईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि त्यौहारों के दौरान तत्परता से सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखें। कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए माइक्रो लेवल तक प्लानिंग करें। असामाजिक तत्वों को चिन्हित करके उन पर लगातार कार्यवाही करें। होली के एक दिन पहले से ही वाहनों तथा नशा करने वालों की जाँच शुरू करके उन पर कार्यवाही करें। होली में कई स्थानों पर डीजे और अन्य ध्वनि विस्तार यंत्र ऊंची आवाज में बजाए जाते हैं। शांति व्यवस्था बनाए रखने और परीक्षाओं को ध्यान में रखकर इन पर कड़ी कार्यवाही करें। सभी थानों में वाहन के साथ रैपिड एक्शन टीम तैनात रहे। होली में कई स्थानों पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होकर होली खेलते हैं। इन स्थानों में ड्रोन कैमरे से निगरानी रखें।

बैठक में कलेक्टर चंद्र शेखर शुक्ला ने त्यौहारों के दौरान कानून और व्यवस्था बनाए रखने के उपायों तथा अन्य प्रबंधों की जानकारी दी। बैठक में अपर कलेक्टर पी.के सेन गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम अखिलेश सिंह, सृजन बर्मा, सुरेश जाधव, राजेश बर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पीएस परस्ते,एसडीओपी पुलिस के.के पाण्डेय,नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा, प्रभारी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एन.के जैन, जिला परिवहन अधिकारी बिक्रम सिंह राठौर सहित जिलाधिकारी, पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

## ब्रेनस्टॉर्मिंग विषय पर व्याख्यान माला का हुआ आयोजन

**भगवत गीता ज्ञानयोग, कर्मयोग तथा भक्तियोग का सुंदर मिश्रित समन्वय है- व्रजेंद्र कृष्ण दास**



**छतरपुर।** श्री कृष्णा विश्वविद्यालय में ब्रेनस्टॉर्मिंग विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया जिसके मुख्य वक्ता एंव मुख्य अतिथि इस्कॉन एंव अवंती स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, उज्जैन के बोर्ड मेम्बर व्रजेंद्र कृष्ण दास रहें। कार्यक्रम के अध्यक्ष विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. बृजेंद्र सिंह गौतम, विशिष्ट अतिथि कुलगुरू डॉ. अनिल धगट, प्रभारी कुलसचिव डॉ. अमित जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही। मंचासीन अतिथियों ने सर्वप्रथम माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बृजेंद्र सिंह गौतम ने मुख्य अतिथि आदरणीय व्रजेंद्र कृष्ण दास का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि व्रजेंद्र कृष्ण दास ने अपने वक्तव्य में कहा कि बुद्धिशीलता तकनीक, किसी खास विषय पर विचार-मंथन करने का तरीका है, इसे ब्रेनस्टॉर्मिंग भी कहा जाता है यह एक रचनात्मक तकनीक है जिससे नए विचारों का जन्म होता है कर्म योग का ज्ञान देते हुये उन्होने कहा कि आधुनिक युग में भगवत गीता का ज्ञान व्यक्तियों को कर्म करने की प्रेरणा देता हैं। गीता के दार्शनिक सिद्धांत के व्यावहारिक पक्ष में कर्मयोग की उपासना की गई हैं। भगवत गीता ज्ञानयोग, कर्मयोग तथा भक्तियोग का सुंदर मिश्रित समन्वय हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. बृजेन्द्र सिंह गौतम ने कहा कि अज्ञान का अन्त करने के लिए ज्ञान अनिवार्य है। ज्ञान दो प्रकार का है-तार्किक ज्ञान, आध्यात्मिक ज्ञान। तार्किक ज्ञान में वस्तुओं के ब्रह्म स्वरूप की चर्चा की जाती है। आध्यात्मिक ज्ञान वस्तुओं के वास्तविक स्वरूप की चर्चा करता है। ज्ञान से कर्मों की अपवित्रता का नाश होता है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा कि जो ज्ञाता है, वह हमारे सभी भक्तों में श्रेष्ठ है। कार्यक्रम के समापन पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष सौरभ चौरसिया द्वारा अतिथियों को भगवत गीता सप्रेम भेंट की गई। इस कार्यक्रम में राकेश लोहिया (जॉइंट सेक्रेटरी) चन्द्रशेखर तिवारी (जनपद अध्यक्ष) नीरज चौरसिया, मुकेश सोनी, डॉ विवेक रूसिया तथा विश्वविद्यालय के समस्त विभागों के प्राध्यापकगण और विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधन विभाग सहायक प्राध्यापक सुमेधा राय ने एवं आभार विधि विभाग के सहायक प्राध्यापक माधव शरण पाठक ने व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### रीवा जिला 15 जुलाई तक के लिए जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित, कलेक्टर ने पेयजल परिरक्षण अधिनियम के तहत प्रतिबंधों के दिये आदेश

**रीवा।** जिले में विभिन्न कार्यों के लिए भू-गर्भीय जल स्त्रोतों के अत्याधिक दोहन एवं तापमान बढ़ने के साथ जल स्तर में तेजी से गिरावट के कारण जिले में आसन्न पेयजल संकट के कारण कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने रीवा जिले में पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 के प्रावधानों के तहत जिले को जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। आदेश के तहत जिले में 15 जुलाई 2025 तक किसी भी शासकीय भूमि पर स्थिति जल स्त्रोतों में पेयजल तथा घरेलू उपयोग को छोड़कर पानी के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। जिले के सभी शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र के समस्त जल स्त्रोतों जिनमें नदी, नाले, स्टाप डैम, सार्वजनिक कूप एवं अन्य जल स्त्रोत शामिल है उन्हें पेयजल तथा घरेलू कार्यों हेतु तत्काल प्रभाव से सुरक्षित किये जाने के आदेश दिये गये हैं। प्रतिबंध की अवधि में किसी भी व्यक्ति अथवा निजी एजेंसी द्वारा सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना नवीन नल कूप खनन की अनुमति नहीं होगी। शासकीय नल कूप खनन को प्रतिबंधों से छूट दी गयी है। जारी आदेश के अनुसार प्रतिबंध की अवधि में यदि कोई व्यक्ति अपनी निजी भूमि पर नल कूप खनन कराना चाहता है तो उसे निर्धारित प्रारूप में शुल्क सहित अपने क्षेत्र के एसडीएम को आवेदन करना होगा। लिखित अनुमति मिलने के बाद ही नल कूप खनन किया जा सकेगा। यदि किसी क्षेत्र में सार्वजनिक पेयजल स्त्रोत सूख जाते हैं तथा विकल्प के रूप में अन्य सार्वजनिक पेयजल स्त्रोत उपलब्ध नहीं है ऐसी स्थिति में एसडीएम निजी पेयजल स्त्रोत को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अधिग्रहीत कर सकेंगे। प्रतिबंध के आदेश 15 जुलाई 2025 तक लागू रहेंगे। प्रतिबंध की अवधि में पेयजल परिरक्षण अधिनियम का उल्लंघन करने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर ने सभी एसडीएम, तहसीलदार, पुलिस अधिकारियों तथा पीएचई विभाग के अधिकारियों को जारी आदेश का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये हैं। तत्काल प्रभाव से आदेश लागू किया जाना आवश्यक होने के कारण यह आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया जाता है।

### संत निरंकारी मंडल ब्रांच संयोजक राजकुमारी काकवानी हुई सम्मानित



**रीवा।** दिनांक 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कमिश्नर कार्यालय के सभागार में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रीवा जिले की विभिन्न प्रशासनिक पदों और अन्य क्षेत्रों में अपनी उत्कृष्टता और साहस का परिचय देने वाली महिलाओं को पुष्पगुच्छ एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया,समारोह में विशेष रूप से संत निरंकारी मंडल ब्रांच रीवा की संयोजक बहिन राजकुमारी काकवानी को सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान कमिश्नर कार्यालय में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी द्वारा प्रदान किया गया। यह सम्मान राजकुमारी काकवानी की सामाजिक सेवा और प्रशासनिक क्षेत्र में उनकी मेहनत और समर्पण को मान्यता देने के रूप में था,इस अवसर पर ने अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने राजकुमारी काकवानी द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा सहित समाज के प्रति जागरूकता अभियान स्वच्छ सर्वेक्षण में किए गए योगदान की सराहना की और समाज में महिलाओं की स्थिति को सशक्त बनाने के लिए किए गए उनके प्रयासों की कड़ी प्रशंसा की। आगे उन्होंने कहा कि परिवार और समाज में नारी की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। ईश्वर ने संतति के सृजन का सम्मान केवल नारियों को दिया है। समय के साथ परिवार और समाज में नारियों की भूमिका में परिवर्तन अवश्य हुआ है, लेकिन उनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है। सशक्त और जागरूक नारी से ही सशक्त समाज और देश का निर्माण होता है।

राशन कार्डधारियों के ई केवाईसी अपडेशन 31 मार्च तक शत-प्रतिशत कराएं

# हैण्डपंप सुधार से संबंधित सीएम हेल्पलाइन के सभी प्रकरण निराकृत करें - कलेक्टर

रीवा।



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि पीएचई विभाग में सीएम हेल्पलाइन के मुख्य रूप से हैण्डपंप सुधार से जुड़ी शिकायतें बड़ी संख्या में दर्ज हो रही हैं। कार्यपालन यंत्री पीएचई बिगड़े हैण्डपंपों के सुधार का अभियान चलाएं। प्रत्येक विकासखण्ड में हैण्डपंपों के सुधार के लिए आवश्यक उपकरणों सहित टीम तैनात रखें। हैण्डपंप सुधार से संबंधित सीएम हेल्पलाइन के सभी प्रकरण तीन दिवस में निराकृत करें तथा ऑनलाइन प्रतिवेदन दर्ज कराएं। सभी विकासखण्ड मुख्यालयों में हैण्डपंप सुधार के लिए पर्याप्त मात्रा में राइजर पाइप भण्डारित करें। पेयजल व्यवस्था के लिए सभी विकासखण्डों तथा जिला मुख्यालय में कंट्रोल रूम शुरू कर दें। पेयजल से जुड़ी शिकायतों का तत्परता से निराकरण करें। कार्यपालन यंत्री पीएचई तथा संबंधित क्षेत्र के एसडीएम सार्वजनिक हैण्डपंप में अवैध कब्जे की शिकायतों को अभियान चलाकर दूर करें। कलेक्टर ने कहा कि जिला आपूर्ति अधिकारी खाद्य सुरक्षा योजना से लाभान्वित सभी राशन कार्डधारियों के ई केवाईसी अपडेशन और सत्यापन का कार्य 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से पूरा कराएं। खाद्यान्न का समय पर उठाव और वितरण कराएं। जिला महाप्रबंधक सहकारी बैंक तथा जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम धान उपार्जन में शेष बचे किसानों का तीन दिवस में अनिवार्य रूप से भुगतान कराएं। अधीक्षण यंत्री ऊर्जा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के लिए विशेष प्रयास करें। पुलिस परेड मैदान में स्वीकृत विद्युत सब स्टेशन का निर्माण कार्य तेजी से पूरा कराएं। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के शेष बचे सभी हितग्राहियों का एक सप्ताह में सत्यापन कराकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। ग्रामीण विकास विभाग, खाद्य विभाग, श्रम विभाग, नगरीय निकाय, ट्राईबल विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा लोक निर्माण विभाग में भी सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण बड़ी संख्या में लंबित हैं। संबंधित अधिकारी इनका तत्परता से निराकरण करें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि संभागीय मुख्यालय के कार्यालयों में नगर निगम के सर्विस टैक्स की बड़ी राशि बकाया है। सभी अधिकारी एक सप्ताह में नगर निगम को सर्विस टैक्स का अनिवार्य रूप से भुगतान कराएं। समय सीमा में टैक्स जमा न करने वालों के विरूद्ध आयुक्त नगर निगम नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करें। बैठक में कलेक्टर ने गेंहू उपार्जन के लिए पंजीकृत किसानों के द्वारा दर्ज रकबे के सत्यापन तथा खरीदी केन्द्रों में समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले, सभी एसडीएम तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### नगर निगम द्वारा महिला कैदियों को आत्मनिर्भर बनाने की पहल



## जुट बैग निर्माण का दिया प्रशिक्षण

रीवा

नगर निगम रीवा एनयूएलएम शाखा द्वारा केंद्रीय जेल रीवा में महिला कैदियों के लिए व्यवहार परिवर्तन और आय अर्जन के उद्देश्य से 11 स्व-सहायता समूहों का गठन किया गया है। इन समूहों के महिलाओं को जूट बैग निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। इसके अलावा, जल्द ही महिलाओं को अचार, पापड़, साबुन और सर्फ बनाने का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। यह पहल न केवल महिला कैदियों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाएगी, बल्कि उनके पुनर्वास और समाज में पुनः समाहित होने का मार्ग भी प्रशस्त करेगी। महिला कैदियों को यह प्रशिक्षण आरसिटी सहयोगी संस्था द्वारा दिया जा रहा है। इस अवसर पर जेल अधीक्षक एसके उपाध्याय, सहायक आयुक्त श्रीमती रूपाली द्विवेदी और सिटी मिशन मैनेजर श्रीमती प्रीति रोचलानी उपस्थित रहीं।

# 5वीं और 8वीं कक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के दूसरे दिन भी उदासीनता



**रीवा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) रीवा में गत शनिवार से कक्षा 5 एवं 8वीं की वार्षिक परीक्षा सत्र 2024-25 की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य प्रारंभ है। विकासखंड मुख्यालय रीवा के विद्यालयों की कापियां यहां जांची जा रही हैं। उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य के लिए 434 शिक्षकों की ड्यूटी डाइट रीवा में लगाई गई है। प्रथम दिवस 81 शिक्षक उपस्थित एवं 353 मूल्यांकनकर्ता शिक्षक अनुपस्थित रहे हैं। मूल्यांकन केन्द्र प्रभारी व डाइट प्राचार्य जी.पी. उपाध्याय ने 9 मार्च को अनिवार्य उपस्थिति के निर्देश दिये थे, साथ ही साफ तौर पर बोला गया था कि गैरहाजिरों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी। मूल्यांकन कार्य के द्वितीय दिवस अर्थात रविवार को 434 के विरुद्ध मात्र 183 शिक्षक उपस्थित हुए तथा 251 मूल्यांकनकर्ता गैरहाजिर रहे।डाइट प्राचार्य ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि आगामी 17 मार्च तक कक्षा पांच और आठ के छात्रों की कॉपियों का मूल्यांकन किया जाना है। जिन शिक्षकों को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है उसमें आधे से अधिक अनुपस्थित रह रहे है, ऐसे में निधर्धारित समय पर मूल्यांकन कर पाना मुश्किल भरा काम होगा। कक्षा पांच और आठ की परीक्षा एमपी बोर्ड की तर्ज पर ही आयोजित की गई है। इसकी कॉपियों के मूल्यांकन में भी उसी तरह का प्रोटोकाल निर्धारित किया गया है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में शिक्षकों द्वारा मूल्यांकन केन्द्र तक नहीं पहुंच पाना विभाग के चिंता का विषय है। बताया जा रहा है कि इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी ने भी संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर कहा है कि सभी शिक्षकों की उपस्थिति की जाए। वही डाइट प्राचार्य जी.पी. उपाध्याय के अनुसार 9 मार्च को मूल्यांकन के लिए 5वीं कक्षा की 2683 कापियां वितरित की गई जिनमें से 2466 का मूल्यांकन पूरा हो गया। इसी प्रकार 8वीं कक्षा की 3306 कापियों का मूल्यांकन रविवार को हुआ।

### पिछले वर्ष में हुए मूल्यांकन का नहीं मिला मानदेय

पिछले वर्ष जिन शिक्षकों से मूल्यांकन कार्य कराया गया था, उन्हें अब तक मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है जिससेइस बार शिक्षकों में उल्लास देखने को मिला है, बता दे कि शिक्षा एवं प्रशिक्षण केंद्र में कक्षा 5 और 8 के छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शुरू हो चुका है, लेकिन बहुत कम संख्या में शिक्षक इसमें भाग ले रहे हैं। वही बता दे कि डाइट के मूल्यांकन मूल्यांकन केंद्र में उत्तर पुस्तिकाएं जांचने पहुंचे शिक्षकों को जो टारगेट दिया गया था उसके अनुसार वह नहीं जांच पाए हैं। 8 की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए उपस्थित शिक्षकों को 4341 कॉपियां सौंपी गई थी, लेकिन उनकी ओर से 3306 ही जांधी गई। जिसमें हिन्दी की 361, अंग्रेजी की 633, संस्कृत की 70. गणित 929. विज्ञान की 690 एवं सामाजिक विज्ञान की 623 उत्तर पुस्तिकाएं शामिल हैं। इसी तरह कक्षा पांच में 2683 कॉपियां जांचने के लिए दी गई थी जिसमें 2466 ही जांची जा सकी। इसमें हिन्दी की 682. अंग्रेजी की 660. गणित की 625 एवं पर्यावरण की 472 कॉपियां शामिल हैं।

# पुलिस ने 30 हजार इनामी कुख्यात बदमाश को पुणे से किया गिरफ्तार

### जिले के अलग-अलग थानों में हत्या, डकैती, लूट सहित 17 गंभीर मामले है दर्ज



**रीवा।** जिले के सोहागी थाना पुलिस ने कुख्यात बदमाश को महाराष्ट्र के पुणे से गिरफ्तार किया है, बता दे उक्त आरोपी के खिलाफ जिले के अलग-अलग थाने में कई गंभीर मामले दर्ज है, पकड़े गए आरोपियों की गिरफ्तारी पर 30 हजार रुपए का ईनाम घोषित था। वही एक आरोपी के खिलाफ डकैती, हत्या, हत्या का प्रयास, आर्मस एक्ट सहित कुल 17 आपराधिक मामले अलग-अलग थाना क्षेत्र में दर्ज थे। वही पुलिस लगातार आरोपी की तलाश पर दविस दे रही थी। लेकिन आरोपी वारदात के बाद आरोपी लंबे समय से पुलिस को चकमा दे रहा था, बता दे कि वारदात को अंजाम देने के बाद पहले तो आरोपी जंगल में छिपा था, लेकिन कुछ दिनों बाद पकड़ जाने की डर से वह पुणे भाग गया था, जिसे पुलिस टीम ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर रीवा लाई है, सोहागी थाना प्रभारी पवन शुक्ला ने बताया कि आरोपी ग्राम पैरा ददरी एवं आसपास के क्षेत्र में आतंक का पर्याय बना था, कई गंभीर मामलों में फरार आरोपी बृजेन्द्र केवट पिता बैजनाथ केवट 37 वर्ष निवासी ग्राम ददरी की तलाश की जा रही थी जिसे गिरफ्तार करने में पुलिस टीम को सफलता मिली है। आरोपी बृजेन्द्र केवट पर हत्या, डकैती, लूट, हत्या का प्रयास, अवैध हथियार रखने, मारपीट कर वसूली करने जैसे कई गंभीर मामले दर्ज थे। आरोपी की गिरफ्तारी का प्रयास सोहागी पुलिस द्वारा काफी समय से किया जा रहा था किन्तु पैरा ददरी क्षेत्र से लगे जंगल का फायदा उठाकर आरोपी बार बार बचता रहा और पुलिस को चकमा देता रहा। लोकेशन मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है बता दे कि सोहागी पुलिस आरोपी को पकडऩे के लिए लगातार कई दिनों से ददरी मे दबिश दे रही थी, लेकिन गांव से लगे आसपास के जंगल का फायदा उठाते हुए आरोपी पुलिस से लगातार बच रहा था। सोहागी पुलिस को जब लगा कि आरोपी को जंगल से पकडऩा आसान नहीं है, फिर भी पुलिस उसपर लगातार दबाव बनाकर रखी। पुलिस की लगातार दबिश एवं दबाव से आरोपी जंगल से निकलकर पुणे (महाराष्ट,) भागा। पुलिस को इसी का इंतजार था और ताक में बैठी सोहागी पुलिस ने पुणे महाराष्ट्र से उसे गिरफ्तार कर रीवा लेकर आयी। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां से उसे रिमांड में लिया गया है।

### रिमांड में लेकर पूछताछ जारी, अन्य मामलों में हो सकता है खुलासा

सोहागी पुलिस पकड़े गए आरोपी को रिमांड में लिया है, और अन्य मामलों के संबंध में पूछताछ कर रही है, पुलिस को उम्मीद है कि कुख्यात आरोपी ने तराई क्षेत्र में कई गंभीर वारदात को अंजाम दिया है। फिलहाल अब आरोपी से पुलिस सख्ती से पूछताछ कर क्षेत्र में हुई गंभीर वारदात के संबंध में पूछतांछ कर रही है।

# हार्डवेयर दुकान में चोरो लाखों की सामग्री सहित नकदी किए पार



## बिछिया थाना क्षेत्र के चिरहुला मंदिर के समीप की घटना

**रीवा।** शनिवार और रविवार की दरमियानी रात को बिछिया थाना क्षेत्र स्थित चिरहुला मंदिर के पास स्थित मां शारदा ट्रेडर्स हार्डवेयर और सैनेट्री की दुकान में अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर लाखों रुपए के सामान के साथ-साथ 25 हजार रुपए नकद भी चुरा लिए। घटना की जानकारी देते हुए दुकान के संचालक रितेश गुप्ता ने बताया कि चोरों ने रात करीब दो बजे के आसपास दुकान का शटर तोड़ा और अंदर घुसकर काउंटर में रखे 25 हजार रुपए नकद और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। उन्होंने बताया कि चोरी की गई सामग्री की कुल कीमत 4 से 5 लाख रुपए के बीच है, जिसमें अधिकतर नल फिटिंग का सामान था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल से एक सब्बल बरामद किया, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि चोरों ने इसी उपकरण की मदद से शटर तोड़ा और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामले को लेकर मामला दर्ज कर लिया है और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच शुरू कर दी है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।

बच्चों और महिलाओं को दिए पोषण किट

# महिला अधिकारियों ने रीठी में वितरित किए पोषण किट



**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद की पहल पर शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कई तरह के नवाचार किए जा रहे हैं। इस क्रम में 5 संभागीय महिला अधिकारियों ने आंगनवाड़ी केन्द्र रीठी में जाकर महिलाओं और बच्चों को निःशुल्क पोषण किट प्रदान किए। इस संबंध में संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती ऊषा सिंह सोलंकी ने बताया कि महिला अधिकारियों ने आंगनवाड़ी केन्द्र रीठी को आदर्श आंगनवाड़ी केन्द्र बनाने के लिए प्रयास शुरू किए हैं। इस केन्द्र का नियमित रूप से भ्रमण किया जा रहा है। प्रथम दिन के भ्रमण के समय आंगनवाड़ी केन्द्र में दर्ज सभी बच्चों और गर्भवती महिलाओं को पोषण किट प्रदान की गई। महिलाओं को स्वयं तथा परिवेश की साफ-सफाई एवं स्वास्थ्य रक्षा के संबंध में भी जागरूक किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम के सहयोग से बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य की जाँच कराई गई। जिला आयुष विभाग की टीम द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्र में 142 बच्चों का स्वर्णप्राशन कराया गया। रीठी आंगनवाड़ी केन्द्र में दर्ज सभी शिशुओं और गर्भवती तथा धात्री महिलाओं को सुपोषित करने के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे। इन अधिकारियों के समूह में संयुक्त संचालक श्रीमती ऊषा सिंह, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उप संचालक मछली पालन डॉ अंजना सिंह, सहायक आयुक्त आबकारी कीर्ति दुबे तथा सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी शामिल हैं। कमिश्नर श्री जामोद ने महिला अधिकारियों के द्वारा किए गए नवाचार की सराहना की है। आंगनवाड़ी केन्द्र में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय, परियोजना अधिकारी शेषनारायण मिश्रा, सरपंच ग्राम पंचायत रीठी रामसेवक पटेल, पर्यवेक्षक ममता शर्मा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, ग्राम पंचायत सचिव तथा रोजगार सहायक ने सहयोग प्रदान किया।

## एमएसएमई की कार्यशाला संपन्न



**रीवा।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योमों (एम.एस.एम.ई.) के प्रदर्शन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रेजिंग एंड एक्सलेरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस स्कीम के अंतर्गत जिले के विभिन्न उद्योग संघों की भागीदारी के साथ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत कार्यालय में आयोजित किया गया। महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र जय प्रकाश तिवारी ने योजना का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करते हुए भारत सरकार की रैम्प योजना के अंतर्गत जिले में ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त करने की बात कही। उन्होंने जिले में इन्क्यबेशन सेंटर स्थापित करने के लिए व जल्द ही वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम के आयोजन की लिए निर्देशित किया। राजेश सरवटे विशेषज्ञ जेड ने जिले के उद्योगों को जेडसर्टिफाइड बनने की। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद के सरोज जेना ने योजना के महत्व होने वाले लाभों पर चर्चा की। जिले के विभिन्न उद्योग संचालकों ने सदस्यों से अपील की कि वे इन योजनाओं में सक्रिय रूप से भाग लें और अपने उद्योगों को जेड और लीन मैन्युफैक्चरिंगस्कीम और अन्य योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें। कार्यशाला में उद्योग जगत के विभिन्न प्रतिनिधियों व जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## तीन पटवारियों के निलंबन को लेकर संघ ने दिया ज्ञापन



**मऊगंज।** जिले में बीते दिनो प्रशासन द्वारा तीन पटवारियों को निलंबित किया गया है निलंबन आदेश में कार्य मे लापरवाही बरतने का आरोप लगा है वहीं दूसरे दिन पटवारी संघ जिला मऊगंज ने पटवारी के विरुद्ध की गई कार्रवाई से असंतुष्ट होकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया है ज्ञापन में बताया गया कि उक्त पटवारी की जहां ड्यूटी लगाई गई थी वहां पर सचिव रोजगार सहायक और अन्य कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए किंतु उन पर कोई कार्रवाई न करके सिर्फ पटवारी पर कार्रवाई की गई आए दिन नई-नई योजनाओं पर काम किया जा रहा है मीटिंग बैठक बुलाई जा रही है नेटवर्क की समस्या अलग से है कई ग्रामो का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है जिससे किसानों के मूलतः कार्य प्रभावित हो रहे हैं ऐसे में किसान अपनी तरफ से भी शिकायत दर्ज करते हैं ऐसी स्थिति में मानसिक रूप से प्रताड़ित कर उनसे कार्य कराया जा रहा और इसके बावजूद पटवारी पर निलंबन की कार्रवाई की जा रही है जिसके विरोध में पटवारी संघ ने ज्ञापन दिया है सैकड़ो पटवारियों ने एक दिवसीय कलम बंद का आशिक स्वरूप दिखाते हुए प्रदर्शन करके अपनी बात ज्ञापन के माध्यम से कही है।

**प्रशासन बना अनजान, विभिन्न ब्रांडों की पैकिंग होती है नकली सीमेंट**

# मऊगंज जिले में फल फूल रहा मिलावटी सीमेंट का अवैध कारोबार

मऊगंज





जिले में लगभग हर वस्तऔ मे मिलावट खोरी चरम पर है। चाहे वह खाद्य पदार्थ दूध दही मक्खन पनीर हो या निर्माण सामग्री सभी जगह अनैतिक कारोबारियों का बोलबाला है। कमोबेश इसी तरह बीते एक दशक से भी अधिक समय से सोहागी पहाड़ स्थित नेशनल हाईवे के किनारे झिरिया एवं लाद नामक गांव की बसाहट के बीच मिलावटी सीमेंट बनाने का अवैध कारोबार अब भी चोरी-छिपे फल फूल रहा है जिसकी हवा मऊगंज जिले मैं भी तेजी से बह रही है। लेकिन देखा यहां जा रहा है कि मिलावट खोरी की हवा को रोकने के बजाय जिम्मेदार विभाग के अधिकारी भी हवा से निकली ठंडक में मशगूल है। ऐसा भी नहीं की राखड़ डस्ट और कटिंग सीमेंट के मिश्रण से बनाया जाने वाले इस सीमेंट के अवैध कारोबार की जानकारी क्षेत्र की पुलिस एवं अन्य जिम्मेदार आला अधिकारियों को नहीं है। बल्कि हकीकत यह है कि इससे पूर्व में भी हुई कार्यवाही में तथाकथित कारोबारी सलाखों के पीछे पहुंच चुके हैं। लेकिन कार्यवाही के बाद भी अवैध कारोबारी अनवरत मिलावटी सीमेंट के कारोबार में लगे हुए हैं।

### खुलेआम खपत हो रही नकली सीमेंट

बीते एक दशक से मिलावटी सीमेंट से अंचल के लगभग 80 प्रतिशत पंचायतों के काम के अलावा नईगढ़ी हनुमना मऊगंज जैसे जनपद क्षेत्रों में खुलेआम इस नकली सीमेंट का प्रयोग होता आ रहा है। यहां तक की हनुमना से लेकर मिर्जापुर तक इन नकली सीमेंट कारोबारियों के तार जुड़े हुए हैं।

### फर्जी बिलिंग से चल रहा मिलावटी सीमेंट का व्यापार

मिलावटी सीमेंट के कारोबार को शासकीय निर्माण कार्यों तक पहुंचाने में सबसे बड़ा रोल तथाकथित कीड़े मकोड़ों की भांति गांव गांव कागज में चल रहे ट्रेडर्स संचालकों द्वारा निभाया जाता है। दरअसल होता यह है कि सोहागी पहाड़ में मिश्रण होकर बनाई गई मिलावटी सीमेंट का प्रयोग जब पंचायतों के निर्माण कार्यों में होता है तब पंचायतों की निर्माण राशि निकासी हेतु बिल वाउचर की जरूरत होती है और ऐसे में अपना निश्चित कमीशन सेट कर तथाकथित दलाल किस्म के ऐसे ट्रेडर्स संचालक जिनके पास मात्र बिल वाउचर या ट्रेडर्स का बोर्ड लगा होता है और दुकान का कहीं भी दूर-दूर तक पता नहीं होता इन्हीं फर्म के सहयोग से डस्ट युक्त विभिन्न ब्रांडों की बनाई गई सीमेंट को ओरिजिनल रूप दिए जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाती है। मौका ए हालात देखा जाए तो जिले के नईगढ़ी जनपद क्षेत्र अंतर्गत आधा सैकड़ा की संख्या में ऐसे फर्म संचालित है। जिन्हे मिलावटी सीमेंट एवं बगैर निर्माण कार्य कराए फर्जी तौर से राशि आहरण करने में महारत हासिल है। इन्हीं अवैध कारोबारियों के कारगुजारी के चलते आलम यह है कि जिले के सोहागी पहाड़ में आज विविध बड़ी ब्रांडेड कंपनियों के नाम से निर्मित सीमेंट का मिश्रण केंद्र है। जहां किसी भी ब्रांड की बोरी में राखड़ युक्त सीमेंट का मिश्रण व पैकिंग कर आधे दाम पर यह मिलावटी सीमेंट बड़ी आसानी से बिक रही है।

### खुलेआम चल रहा मिलावटी सीमेंट का कारोबार

क्षेत्र में चल रही तथाकथित सीमेंट फैक्ट्रीयों से निर्मित मिलावटी सीमेंट को कुछ दुकानदार भी इसका स्टाक रखने में मशगूल है। बीते वर्ष एक-दो स्थानों पर छापामार कार्यवाही की गई । उसके बाद भी कारोबारी आज भी अपने कारोबार में लगे हुए हैं। सूत्रों की माने तो आज भी यह कारोबार रुकने की बजाय अब भी फल फूल रहा है। जबकि इससे पूर्व हुई छापामार कार्यवाही में कई तथाकथित कारोबारियों को सलाखों के पीछे जाना पड़ा था लेकिन जैसे ही माहौल सामान्य हुआ वैसे ही पुराने स्तर से मिलावटी सीमेंट बनाने का कारोबार गति पकड़ लेता है। 3 वर्ष पूर्व हुई छापामार कार्यवाही फिर भी मिलावटी सीमेंट बनाने वाले माफिया के अवैध कारोबार में पूर्णरूपेण रोक नहीं लगाई जा सकी। जबकि इस तरह के मिलावटी सीमेंट का विभिन्न निर्माण कार्यों में प्रयोग होने का नतीजा सामने कुछ इस कदर आ रहा है कि ग्राम पंचायतों से लेकर अन्य शासकीय निर्माण कार्यों जिनके मजबूती के लिए संबंधी तकनीकी कर्मचारियों द्वारा 200 वर्ष से भी अधिक की गारंटी बताई जाती है ऐसे निर्मित भवन इस मिलावटी सीमेंट का शिकार होकर आधा दशक भी नहीं चल पाते। क्षेत्र के समाजसेवियों संभ्रांत नागरिकों ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मांग की है कि मऊगंज जिला क्षेत्र में अघोषित रूप से चल रही मिलावटी सीमेंट फैक्ट्रीयों एवं मिलावटखोरों के कार्यप्रणाली पर रोक लगाई जाए साथ ही इस मिलावटी सीमेंट को शासकीय निर्माण कार्यों तक पहुंचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले क्षेत्र में कागज पर चल रहे ट्रेडर्स संचालकों के आय व्यय की जांच कराते हुए की जा रही टैक्स चोरी एवं फर्जी बिलिंग जैसे कारगुजारी पर नियमानुसार कार्यवाही की जाए। ताकि जन एवं क्षेत्र कल्याण के लिए आई निर्माण राशियों का समुचित एवं सही ढंग से प्रयोग हो सके और चंद दिनों के अंदर ट्रेडर्स खोलकर अरबपति बने तथाकथित अवैध कारोबारियों के आय से अधिक संपत्ति की वैधानिक जांच कराकर इन कारोबारियों के द्वारा किए जा रहे अवैध कारोबार में लगाम लगाई जाए।